संजौली में वाद-विवाद का किया आयोजन

शिमला। संजौली कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग ने वीरवार को विजन इंडिया-2047 विषय पर वाद विवाद का आयोजन किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. भारती भागड़ा ने कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। विभागाध्यक्ष डॉ. मदन शांडिल, शिक्षक राम लाल और कीर्ति ने कार्यक्रम का संचालन किया। वाद-विवाद में क्षितिज, जागृति,मयंक, नितिश, सारिका ने देश के लिए 2047 के विजन और उसके समक्ष आने वाली चुनौतियों पर अपने विचार रखे। विभाग की छात्रा जागृति और श्वेता ने नोबल प्राइज, मयंक ने राष्ट्रीय कृषि नीति, क्षितिज और ध्रुव ने उद्योगपति रत्न टाटा के योगदान, सुहानी, जिया और मुसकान ने ब्रिक्स सम्मेलन के बारे में जानकारी दी। ब्यूरो

6-12-24

संजौली कालेज में विजन इंडिया 2047 पर रखे विचार

शिमला। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस संजौली कालेज के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा गुरुवार को ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में कालेज की प्राचार्य भारती भगरा उपस्थित रही। विभागाध्यक्ष डा. मदन शांडिल और सम्मान्नीय शिक्षक राम लाल व कीर्ति ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम की शुरुआत छात्रों मयंक, जमृति, श्वेता और क्षितिज द्वारा अर्थशास्त्र के विभिन्न विषयों पर प्रस्तुति के साथ हुई, जिन्होंने अपने गहन ज्ञान और समझ का प्रदर्शन किया। इसके बाद विजन इंडिया-2047 विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें प्रतिभागियों ने अगले 25 वर्षों में भारत की प्रगति और संभावनाओं पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण विशेष अतिथि बरखा जायसवाल का व्याख्यान रहा। इसमें उन्होंने समकालीन आर्थिक विषयों और चुनौतियों पर प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत किए।

दिव्य हिमाचल